पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 का शुभारम्भ किया

**मुख्यमंत्री ने पवित्र त्रिवेणी का रोपण व विकास वाटिका की स्थापना की तथा वन विभाग की लघु फिल्म एवं कैलेण्डर का विमोचन किया**

**किसानों को कार्बन क्रेडिट प्रमाण पत्र प्रदान किये**

**प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अन्तर्गत आज पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा, यह धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर : मुख्यमंत्री**

**धरती माता हम सभी को अच्छा वातावरण, आगे बढ़ने का अवसर, पेट भरने के लिए अन्न व फल तथा पीने के लिए जल उपलब्ध करातीं**

**माँ प्रत्येक व्यक्ति व जीव के लिए सबसे सुन्दर उपहार, हमें यह उपहार धरती माँ के रूप में मिला**

**आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण प्रदान करना हमारा कर्तव्य, सभी को इस पौधरोपण महाअभियान का हिस्सा बनना चाहिए**

**प्रदेश ने भौतिक विकास के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए वनाच्छादन को विस्तार देने में सफलता प्राप्त की**

**इस वर्ष प्रदेश में 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस पर 05 करोड़ पेड़ लगाने का कार्य सम्पन्न**

**विगत 09 वर्षों में पूरे प्रदेश में 242 करोड़ पौधरोपण किया गया**

**विगत 09 वर्षो में किये गये पौधरोपण से प्रदेश में 6,37,74,130 टन कार्बन डाई ऑक्साइड का अवशोषण तथा 4,63,90,130 टन ऑक्सीजन का उत्सर्जन हुआ**

**नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक घर में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल लगवाये जा रहे**

**प्रदेश सरकार के प्रयास से अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी, वहाँ सभी स्ट्रीट लाइटें सौर ऊर्जा से जलती**

**प्रदेश सरकार द्वारा प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे**

**केवल पौधरोपण ही आवश्यक नहीं, बल्कि उसकी देखभाल करना भी जरुरी**

**लखनऊ : 12 जुलाई, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आज सम्पूर्ण प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ

का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। धरती माता हम सभी को अच्छा वातावरण, आगे बढ़ने का अवसर, पेट भरने के लिए अन्न व फल तथा पीने के लिए जल उपलब्ध कराती हैं। वह हमारे घर की लगभग सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। भारतीय मनीषा ने कहा है कि 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' अर्थात धरती हमारी माता हैं तथा हम सब उनके पुत्र हैं। पुत्र के रूप में धरती माता के प्रति दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रधानमंत्री जी ने प्रत्येक भारतवासी को 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने का मंत्र दिया है। यह हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। हम सभी को इस पौधरोपण महाअभियान का हिस्सा बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद गोरखपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे पर भगवानपुर टोल प्लाजा के निकट 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 का शुभारम्भ करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अन्तर्गत आज पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने पवित्र त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) का रोपण व विकास वाटिका की स्थापना की तथा वन विभाग की लघु फिल्म एवं कैलेण्डर का विमोचन किया। उन्होंने लोगों को पौध वितरित कीं तथा किसानों को कार्बन क्रेडिट प्रमाण पत्र प्रदान किये।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि माँ प्रत्येक व्यक्ति व जीव के लिए सबसे सुन्दर उपहार है। हमें यह उपहार धरती माँ के रूप में भी मिला है। लोग अपने स्वास्थ्य की चिन्ता करते हुए डॉक्टर से अपना उपचार कराते हैं, किन्तु जिस धरती माता के कारण यह जीव सृष्टि है, उनके उपचार की कोई व्यवस्था नहीं करते हैं। जीव सृष्टि अनवरत काल तक बनी रहे, इस उद्देश्य से 09 वर्ष पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा पौधारोपण महाअभियान का शुभारम्भ किया गया था। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर इस वर्ष प्रदेश में 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस पर 05 करोड़ पेड़ लगाने का कार्य सम्पन्न किया गया। गतवर्ष राज्य में 35 करोड़ पौधरोपण किया गया था। विगत 09 वर्षों में इस अभियान के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में 242 करोड़ पौधरोपण का कार्य सम्पन्न किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 09 वर्षों में प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारी वृद्धि हुई है। राज्य में एक्सप्रेस–वे व सड़कों का जाल बिछाया गया, नये–नये उद्योग लगाये गये तथा शहरीकरण के क्रम में अनेक कॉलोनियाँ विकसित की गयीं। उत्तर प्रदेश ने भौतिक विकास को गति देने में देश में स्वयं को सबसे अच्छे राज्य के रूप में स्थापित किया है। प्रदेश ने भौतिक विकास के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए वनाच्छादन को विस्तार देने में सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण में बनने वाली विषैली गैसों का अवशोषण कर लेते हैं। विगत 09 वर्षों में किये गये पौधरोपण से प्रदेश में 6,37,74,130 टन कार्बन डाईऑक्साइड का अवशोषण तथा 4,63,90,130 टन ऑक्सीजन का उत्सर्जन हुआ है। यह आंकड़े हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि मौसम चक्र में बहुत परिवर्तन हो चुका है। कल से यहाँ जो बारिश हो रही है, वह 15 जून से प्रारम्भ हो जानी चाहिए थी, इसमें एक महीने का विलम्ब हुआ है। विलम्ब से बरसात होने के कारण कृषि कार्य में देरी होती है, जिससे उत्पादन में 15 से 30 प्रतिशत की कमी हो जाती है।

पूरे विश्व में ग्लोबल वॉर्मिंग की चेतावनी दी जा रही है। चरम गर्मी व सर्दी की स्थिति एक साथ देखने को मिल रही है। आने वाले समय में समुद्र जलस्तर में वृद्धि होने से बहुत सारे तटीय शहर डूबने की आशंका बनी हुई है। पूरे विश्व में पेयजल का भीषण संकट हो सकता है। अनेक शहर सर्दियों में गैस का चेम्बर बनते जा रहे हैं। इससे बच्चे एवं बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। यह भयावह स्थिति इसलिए उत्पन्न हुई क्योंकि पर्यावरण के साथ भारी खिलवाड़ किया गया। इस दौरान पेड़ काटे गये, किन्तु लगाये नहीं गये। जल का दोहन किया, किन्तु संरक्षण हेतु कोई कार्य नहीं किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वार्थ के लिए मनुष्यों ने प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ किया, उसकी कीमत आज पूरी विश्व मानवता को चुकानी पड़ रही है। पर्यावरण को इन संकटों से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी का प्रत्येक आह्वान हमारे लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2017 में प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऊर्जा का अत्यधिक अवशोषण करने वाली हैलोजन स्ट्रीट लाइट के स्थान पर 16 लाख एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया। इस पहल के कारण प्रदेश सरकार को 100 करोड़ रुपये की बचत हुई है। हैलोजन लाइट के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आयी तथा शहर में स्ट्रीट लाइटों की सुन्दरता में वृद्धि हुई। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक घर में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल लगवाये जा रहे हैं। इस पहल ने घर के बिजली बिल भार को आधा करने के साथ ही ग्रीन एनर्जी के नये स्रोत को उपलब्ध कराया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश में 10 करोड़ जरूरतमन्द परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये गये हैं। यह माताओं एवं बहनों को श्वास जनित बीमारियों से बचाने का प्रयास है। प्रदेश में 02 करोड़ परिवारों को यह लाभ मिला। इण्टरनेशनल सोलर एलायन्स के चेयरमैन के रूप में प्रधानमंत्री जी ने पूरी दुनिया से सोलर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। प्रदेश सरकार के प्रयास से अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी। वहाँ सभी स्ट्रीट लाइटें सौर ऊर्जा से जलती हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए सभी कदम उठाये जा रहे हैं। आज इसी क्रम प्रदेश के सभी जनपदों में 35 करोड़ वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे दिन चलेगा। प्रदेश के सभी नागरिक इस अभियान का हिस्सा बनें। पौधरोपण करते हुए, उसकी देखभाल करें एवं धरती माता की आरोग्यता की रक्षा करें। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें पौधो को बचाना होगा तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पाना होगा। पेड़ संरक्षण के लिए लोगों को कार्बन क्रेडिट के अन्तर्गत प्रतिवर्ष एक पेड़ पर एक डालर की धनराशि दी जा रही है।

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरुण कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जनपद गोरखपुर से प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। विगत 10 वर्षों में प्रदेश में लगभग 275 करोड़ पौधे लगाये जा चुके हैं। यह पौधे पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वॉर्मिंग रोकने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। फॉरेस्ट सर्वे आफ इण्डिया देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के हरित क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है। देश में छत्तीसगढ़ के बाद उत्तर प्रदेश दूसरा ऐसा राज्य है, जहाँ सबसे ज्यादा पौधे लगाए गए हैं।

कार्यक्रम को सांसद श्री रवि किशन शुक्ल तथा विधायक श्री प्रदीप शुक्ल ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर मत्स्य मंत्री श्री संजय निषाद, सांसद श्रीमती संगीता यादव, विधान परिषद सदस्य डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, विधायक श्री बिपिन सिंह, श्री श्रीराम चौहान, श्री फतेह बहादुर सिंह, श्री महेन्द्र पाल सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री विमलेश पासवान, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Bhagwanpur Toll Plaza-Ek Ped Maa Ke Naam Vriksharopan Abhiyan-12 July, 2026***